हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 खनिज विभाग आरएफ टैग से रोकेगा अवैध खनन और परिवहन



07 समय की पाबंदी, अनुशासन व अद्यतन जानकारी...



हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा

आयोजन में पहुंचे हनुमान अंश के 'राधेश्याम'

अनुभूति



गरबा और शक्ति आराधना का सामन्जस्य अत्यंत गहरा है। गरबा केवल एक लोक नृत्य नहीं अपितु मां दुर्गा और ब्रम्हाण्ड की सृजन शक्ति की उपासना का प्रमुख माध्यम है। हरिभूमि के माध्यम से हम सभी को माता की आराधना के इस संबंध से जुड़ने का अवसर मिला है। मां दुर्गा से हम इस मंच के माध्यम से प्रार्थना करते हैं कि सभी के जीवन में शुभ और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें।

गौतम त्रिपाठी, फिल्म कलाकार

हरिभूमि के गरबे का रंग दिल में बस गया, शक्ति की आराधना का यह आयोजन शहरवासियों के लिए यादगार सौगात है: गौतम

जमकर थिरके पैर, डांडियों की गूंज से झूम उठा गरबा स्थल



हजारों की भीड़ ने और दिलों में उल्लास और उमंग लिये नागरिकों ने जमकर गरबे का आंनद लिया इस दौरान सभी ने मां की आराधना नृत्य के माध्यम से की। यह सिलसिला देररात 10:30 तक जारी रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि की पावन उमंग, मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक गरबा की थाप के साथ हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 के दूसरे दिन आयोजन स्थल उत्साह और उमंग से सरोबार नजर आया। हजारों प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य के साथ माता की आराधना की। शहर में हरिभूमि के गरबा को लेकर खासा उल्लास नजर आ रहा है। हनुमान अंश फिल्म के कलाकार गौतम त्रिपाठी की मौजूदगी ने गरबा के उल्लास और माहौल को रंगीन कर दिया। दूधिया रोशनी के बीच रंग बिरंगे परिधानों से सजी मातृशक्ति ने गरबे के माध्यम से शक्ति की आराधना की। महिलाएं, युवतियां और युवकों ने गरबा स्थल पर भक्ति और उल्लास का ऐसा माहौल बनाया जिसने हरिभूमि के गरबे को सबके दिलों में बसा दिया।

अतिथियों ने किया कन्या पूजन



कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सभी अतिथियों ने कन्या पूजन कर गरबे का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने कन्याओं का तिलक कर आरती से मां के स्वरूप की आराधना की।

मां की आरती से गरबा हुआ शुरू



द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में अनुभूति गरबा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि हनुमांश अंश फिल्म में राधेश्याम का किरदार निभाने वाले कलाकार गौतम त्रिपाठी का स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान आयोजक भूपेन्द्र विश्वकर्मा, ईशान अग्रवाल, रौनक सिंघल, विवेक चांडक, पूर्व नपाध्यक्ष रवि जायसवाल, रमेश साहू, लखन बैस आदि लोगों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन रमेश साहू ने किया।

मुख्य अतिथि गौतम त्रिपाठी का हुआ स्वागत





एंकर, डीजे जॉकी और गरबा का जबरदस्त संगम

अनुभूति फैमिली गरबा में पहले दिन मनोरंजन और उत्साह का खास संगम देखने को मिला। प्रॉपर एंकरिंग, डीजे जॉकी की मौजूदगी, ऊर्जावान संगीत और गरबा के रंग में रंगे मंच ने आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने से लेकर पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने तक, हर पहलू को ध्यान में रखा गया। आयोजन की खासियत यह रही कि यहां युवाओं के उत्साह के साथ परिवारों की सहजता और बच्चों की खुशियों को भी महत्व दिया गया। जिस पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। वहीं गरबा देखने पहुंचे नागरिकों द्वारा साउंड, लाईट, सुरक्षा व्यवस्था की दिल खोलकर प्रशंसा की।

दूसरे दिन भी मिला लोगों का भरपूर सहयोग, उमड़ा हुजूम

हरिभूमि प्रस्तुत अनुभूति कार्यक्रम को लेकर नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। दूसरे दिन गरबा स्थल पर गरबा प्रेमियों की भीड़ में खासा उछाल आया। पूरा गरबा स्थल प्रतिभागियों की भीड़ से खचाखच भर गया। गरबा समूह आयोजन स्थल पर अपने-अपने समूहों के साथ एक जगह पर गरबे का मनोरंजन लेते नजर आए। पूरा आयोजन स्थल महिलाओं और पुरूषों के परिधानों की वजह से सतरंगी नजर आया। प्रतिभागियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों और माता के बजने वाले उत्कृष्ट गीतों को देखकर मंच पर बैठे अतिथि भी खुद को थिरकने से रोक नहीं पाये। अतिथियों ने मंच पर ही गरबे का लुत्फ उठाया।

इटारसी शहर का साल का सबसे बड़ा गरबा आयोजन

ISHAAN RESIDENCY

आज मिलिए आपकी प्यारी अंगूरी भाभी से

Powered By

SAI ELITE ICON Resorts | रजत ज्वेलर्स | Pink City GOLD premium residential plots | मालवीय ज्वेलर्स

Sponsored By

नीलम | NVT's NOVELTY EVERFRESH | संस्कार मेडिकल एजेंसी, इटारसी | NEW SHREE BALAJI SOLAR WORKS Beside Swastik Plywood, 9 Line, Itarsi 9669777729 9669777724 | RR MOBILE All Mobile Accessories | चिन्मय डेकोर्स | तनीषा आर्ट ज्वेलरी | Shri Mahakaal Shopping Center

भाबीजी घर पर हैं!



भाबीजी घर पर हैं!



Powered By

RAI SAHAB LANDMARK premium residential plot | दुसाने ज्वेलर्स | HONDA SUDARSHAN HONDA | DURO MAHALAXMI PLYWOOD M. 9826938738

Sponsored By

श्रीजी enclave प्रीमियम आवासीय प्लॉट | SHREE BALAJI BIO CNG WASTE TO ENERGY | SWASTIK PLYWOOD & HARDWARE 9th Line, Itarsi, Dist- Narmadapuram (M.P.) | श्री मनोहर श्याम तिवारी पंसारी | शुभ मंगल Ramnath Richpal & Company | श्री श्याम फ्यूल्स | Jk Ply Decor | CHOTE NAWAB वेज & नॉनवेज रेस्टोरेंट



district ONLINE TICKET District App पर उपलब्ध है।

हरिभूमि Present's अनुभूति

EXCLUSIVE FAMILY GARBA SEASON 5



ऑफलाईन एंट्री पास हरिभूमि कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है - 9424433999 8329018872

Venue Partner

14 15 16 OCTOBER 2026

THE PARK CLUB & RESORT, ITARSI

07-10 PM TIME

हरिभूमि - आयोजन से जुड़ने एवं स्पॉन्सर बनने के लिए सम्पर्क करें- भूपेन्द्र विश्वकर्मा - 9300263480

खबर संक्षेप



दो दिवसीय गरबा महोत्सव का हुआ समापन

भौंरा। नवरात्रि के उल्लास और मां दुर्गा की आराधना के बीच भौंरा में आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव का बुधवार रात उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। विजय मंगल भवन में आयोजित गरबा महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बच्चियां पहुंचीं। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा गीतों की धुन पर जमकर नृत्य किया। डांडिया की खनक, ताल से ताल मिलाते कदम और सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन स्थल को उत्सवी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे अपनी धर्मपत्नी के साथ शामिल हुए। सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य सुधीर नायक और जय किशोर मिश्रा भी उपस्थित रहे। अन्नपूर्णा गरबा महिला मंडल भौंरा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में नगर की महिलाओं और बच्चियों को एक मंच पर अपनी कला और उत्साह प्रदर्शित करने का अवसर मिला। नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजन धार्मिक आस्था के साथ लोक संस्कृति और पारंपरिक नृत्य को आगे बढ़ाने का माध्यम भी बना।

भीमपुर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आज

बैतूल। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक चयनित क्लस्टरों एवं नगरीय निकायों में प्रत्येक शुक्रवार विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में भीमपुर विकासखंड मुख्यालय में 16 अक्टूबर को आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार अभियान का उद्देश्य क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित क्लस्टरों में शिविर लगाए जाएंगे।

लापरवाही पर 5 पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायक को नोटिस

बैतूल। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सौंपे गए कार्यों में लापरवाही बरतने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर जिला पंचायत बैतूल द्वारा 5 पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में नदी-नालों के बहते पानी को रोकने के उद्देश्य से पूर्व से निर्मित स्टॉप डैम में कड़ी शटर लगाने तथा बोरी बंधान का कार्य कराया जाना था। संबंधित कर्मचारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में उक्त कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर जिला पंचायत प्रशासन ने कार्रवाई की है। जनपद पंचायत भैंसदेही की ग्राम पंचायत चिल्कापुर सचिव एवं रामघाटी प्रभारी सचिव ज्ञानराव मौसिक, ग्राम पंचायत निपान्या सचिव एवं गदराझिरी में पदस्थ प्रभारी सचिव रामदास सलामे, जनपद पंचायत शाहपुर की ग्राम पंचायत भयावाड़ी के सचिव सुरेश सिरोरिया, जनपद पंचायत भीमपुर की ग्राम पंचायत रातामाटी सचिव एवं डोकिया के प्रभारी सचिव विजय कवड़े तथा ग्राम पंचायत बेला के ग्राम रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव सुरेश विश्वकर्मा के विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

संपर्क अभियान के तहत शिविर 17 अक्टूबर को

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा संपर्क अभियान के तहत 17 अक्टूबर को मोती वार्ड स्थित बड़ वाले हनुमान मंदिर में शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन- 2 के प्रबंधक ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक- 1 के देशबंधु वार्ड और मोती वार्ड के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

खनिज परिवहन में मनमानी पर लगेगा अंकुश, आरएफ टैग के बिना नहीं चलेगा काम

खनिज विभाग आरएफ टैग से रोकेगा अवैध खनन और परिवहन

टैग लगवाने के लिए दी है एक माह की मोहलत, एआई आधारित ई-चेकगेट से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एआई तकनीक से होगी निगरानी, नियम तोड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा



जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए खनिज परिवहन व्यवस्था को तकनीक आधारित निगरानी के दायरे में लाया जा रहा है।

मध्य प्रदेश शासन के खनिज संसाधन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा जिले के सभी पंजीकृत खनिज परिवहन वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आर.एफ.आई.डी.) टैग लगवाना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए खनिज परिवहन करने वाले वाहनो के स्वामियों को गत 7 अक्टूबर को आदेश जारी होने के बाद से एक माह की समय सीमा दी गई है। निर्धारित अवधि में टैग नहीं लगवाने वाले वाहन स्वामियों और परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि ई चेकगेट बैतूल जिले में वर्तमान में नहीं है। विभाग द्वारा लगभग तीनचार साल पहले मिलानपुर में ई चेक गेट का प्रपोजल बना कर भेजा गया था। उम्मीद है कि जल्दी ही बैतूल जिले में भी ई चेकगेट बन जाएगा।

मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के तहत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मानव रहित ई-चेकगेट प्रणाली लागू की गई है। इस तकनीक आधारित व्यवस्था का उद्देश्य खनिज परिवहन पर प्रभावी निगरानी रखना, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा खनिज परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। टैग के माध्यम से वाहनों की पहचान ई-चेकगेट प्रणाली के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस व्यवस्था के तहत खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। टैग लगवाने में लापरवाही बरतने अथवा टैग को क्षतिग्रस्त अवस्था में रखने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निर्धारित प्रक्रिया समय सीमा में करें पूरी: पालेवार

उप संचालक एवं जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवार ने जिले के सभी खदान पट्टाधारकों, भंडारणकर्ताओं एवं खनिज परिवहनकर्ताओं से एक माह के भीतर अपने वाहनों पर आरएफ टैग लगवाने की अपील की है। उन्होंने वाहन स्वामियों को सलाह दी है कि वे अंतिम समय का इंतजार किए बिना निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी कर लें, ताकि समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार की असुविधा या वैधानिक कार्रवाई की स्थिति निर्मित न हो।

टैग गायब या क्षतिग्रस्त मिला तो परिवहन पर रोक

जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में आरएफ टैग नहीं लगवाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वाहन पर टैग अनुपस्थित होने अथवा क्षतिग्रस्त पाए जाने की स्थिति में खनिज परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों की अवहेलना पर संबंधित वाहन का ई-खनिज पोर्टल पर पंजीयन भी तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकेगा।

ऑनलाइन ऑर्डर करें, निर्धारित प्रक्रिया से प्राप्त करें टैग

खनिज परिवहन वाहनों के स्वामियों को आरएफ टैग अपने व्यय पर लगवाना होगा। इसकी फीस 162 रुपए विभाग द्वारा तय की गई है। इसके लिए विभागीय ई-चेकगेट पोर्टल पर जाकर आर्डर टैग विकल्प का चयन करना होगा। इसके बाद वाहन का आवश्यक विवरण देकर एवं टैग की पिक-अप लोकेशन दर्ज कर ऑनलाइन 162 रुपए का भुगतान के माध्यम से टैग प्राप्त किया जा सकता है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करना सभी संबंधितों की जिम्मेदारी है।

विद्युत तार और दो मोटरसाइकिलें बरामद

बिजली तार चोरी के दो मामलों का खुलासा, चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा

थाना शाहपुर पुलिस ने विद्युत तार चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1200 मीटर चोरी के विद्युत तार बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, थाना शाहपुर में विद्युत तार चोरी के संबंध में अपराध क्रमांक 475/2026 और 476/2026 दर्ज किए गए थे। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(द्व) और विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही थी। विवेचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पहले मामले में अनिल पिता अर्जुन सलाम (33) और मुकेश पिता रामदास मरकाम (32), दोनों निवासी भीरिया ढोल, थाना शाहपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे मामले में सुमित पिता झमसा सरियाम (28), निवासी चिरमाटेकरी और संतराम पिता मकल परते (26), निवासी बिजली कॉलोनी भौंरा, थाना शाहपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में चोरी के विद्युत तार बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज पाल, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज खरे, सहायक उपनिरीक्षक भारत नाथ, प्रधान आरक्षक कुंवरलाल नागले, आरक्षक सलमान शाह, आरक्षक धीरज काले तथा सैनिक रामभाऊ, जीवन और दिनेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई जारी है।

मोबाइल दुकान और युवा केंद्र में चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

एलईडी टीवी, 04 मोबाइल, खेल सामग्री सहित अन्य सामान जब्त

बैतूल। थाना कोतवाली पुलिस ने मोबाइल दुकान एवं युवा केंद्र में हुई चोरी की दो वारदातों का खुलासा करते हुए आरोपी सुरेश भलावी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 09 एवं 10 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी द्वारा युवा केंद्र में चोरी कर एक एलईडी टीवी, साउंड बॉक्स एवं खेल सामग्री चोरी कर ली गई थी। शिकायत पर धारा 305(ई) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरी घटना 1 अक्टूबर की रात सदर बैतूल स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात



आरोपी द्वारा 04 मोबाइल फोन एवं अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। फरियादी आशीष दरबाई की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटनास्थलों से प्राप्त साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने संदेही सुरेश पिता अमरलाल भलावी, निवासी दनौरा, थाना कोतवाली बैतूल की पहचान कर उसकी तलाश प्रारंभ की। आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक देवकरण डेहरिया, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी, प्रधान आरक्षक तरुण, प्रधान आरक्षक शिव कुमार, प्रधान आरक्षक सुभाष माकोड़े, आरक्षक विवेक गाडगे, आरक्षक पवन एनिया, आरक्षक नितिन, सोनू सूर्यवंशी एवं राहुल शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

राम-केवट संवाद और दशरथ के मरण प्रसंग ने दर्शकों को किया भावुक

भौंरा। स्थानीय रामलीला मंडल द्वारा गत रात्रि राम-केवट संवाद, सुमंत विदाई और राजा दशरथ के मरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। गंगा तट पर केवट द्वारा प्रभु श्रीराम के चरण पखारने और उन्हें नदी पार कराने का प्रसंग आकर्षण का केंद्र रहा। केवट की भूमिका में मोनू सिरोठिया ने निश्छल भक्ति और समर्पण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उतराई के बदले केवट ने प्रभु से भवसागर पार लगाने का आग्रह कर भक्ति का अनूठा संदेश दिया। इसके बाद सुमंत से श्रीराम के वन गमन का समाचार सुनकर राजा दशरथ के पुत्र-वियोग में प्राण त्यागने के प्रसंग ने माहौल को करुणामय कर दिया। पार्श्व में गूंजते गीत ,लौट के आजा मेरे राम, तुझे मेरे प्राण बुलाते हैं, दशरथ की व्याकुलता और पीड़ा के चित्रण ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं।

भक्त केवट की अनोखी भक्ति और प्रभु राम का अपार प्रेम, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

रामलीला के चौथे दिन हुआ गंगा प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

भैंसदेही। नगर में चल रही रामलीला के चौथे दिन केवट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसमें भक्त केवट की अनोखी भक्ति और प्रभु राम के प्रति उसके अपार प्रेम को दर्शाया गया। मंचन के अनुसार वन गमन के दौरान प्रभु श्रीराम की भेंट निषाद राज से होती है। निषाद राज स्वयं को भाग्यवान समझते हुए कहते हैं कि यह मेरे किसी पूर्व जन्म के पुण्य का फल है जो आज प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए। प्रभु श्रीराम निषाद से मित्रता कर गंगा पार जाने के लिए केवट से नाव की बात करते हैं। केवट पहले तो गंगा पार कराने से साफ मना कर देता है। वह कहता है कि प्रभु, मुझे डर है कि कहीं मेरे साथ कुछ अनहोनी न हो जाए। बहुत समझाने पर केवट एक शर्त रखता है कि वह प्रभु के चरण पखारेगा, तभी नाव में बैठने देगा। श्रीराम की अनुमति मिलने पर केवट बड़े भाव से प्रभु के चरण पखारता है और अपने पूरे परिवार को तार लेता है। यह दृश्य श्रीराम और भक्त केवट के बीच अगाध प्रेम को दर्शाता है। केवट श्रीराम, लक्ष्मण



और सीता को गंगा पार कराता है। श्रीराम केवट को उसकी मेहनत के रूप में कुछ देना चाहते हैं, लेकिन केवट लेने से मना कर देता है और कहता है कि प्रभु आप तो लोगों को भवसागर से पार लगाते हैं, मैं आपसे कैसे मेहनत ले सकता हूं। बस जब आप वनवास से लौटें तो मेरी ही नाव से जाएं। इधर सखा सुमंत वापस अयोध्या लौटकर राजा दशरथ को वन का सारा हाल सुनाते हैं। यह सुनकर राजा दशरथ राम-राम कहते हुए राम वियोग में प्राण त्याग देते हैं। रामलीला में निषाद के रूप में आकाश राठौर ने और केवट के रूप में मंच के जाने-माने कलाकार शंकर राय ने सजीव अभिनय किया।

संस्कारयुक्त शिक्षा से ही समृद्ध परिवार का निर्माण संभव : सुरेखा ठाकुर



सारनी। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिशु वाटिका की प्रांत संयोजक सुरेखा ठाकुर रहीं। अध्यक्षता दीपिका मंडल ने की। अतिथियों ने विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर, शिशु वाटिका प्रभारी सरिता तिवारी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मेलन में विद्यार्थियों की माताएं, दादियां एवं बुआएं शामिल हुईं। मुख्य अतिथि सुरेखा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा से ही समृद्ध परिवार का निर्माण होता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं प्रिया सहारे एवं रुपाली जैन ने छोटे-छोटे खेलों के माध्यम से माताओं को प्रेरणादायी संदेश दिए। धार्मिक प्रश्नोत्तरी में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही शिशु वाटिका की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन शिखा टैगोर ने किया तथा गीतांजलि ने आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत कन्या भारती की बहनों पूर्वी एनिया, रिया बंछड एवं श्रद्धा विश्वकर्मा ने किया। अतिथि परिचय सरिता तिवारी ने कराया। प्राचार्य चंद्रशेखर टैगोर ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय का भ्रमण कराया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में नीता राठौर, संगीता विश्वास, अनीता कोसे, लता हरोड़ सहित विद्यालय की शिक्षिकाओं का योगदान रहा। अंत में चाय-अल्पाहार के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा

शासकीय स्कूलों को डेस्क-बेंच किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिले में शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। अभियान के तहत जनसहभागिता से स्कूलों में डेस्क-बेंच, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, पंखे, प्रकाश व्यवस्था, ई लर्निंग टूल्स, क्रियाशील शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में जितेंद्र सुनारे द्वारा ईपीईएस एमएस पांढरा को 10 सेट डेस्क-बेंच तथा सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी द्वारा पीएस भेड़ीढाना को 20 सेट डेक्स बेंच भेंट किए।

इसी प्रकार खनिज विभाग से मनोज त्यागी द्वारा एमएस कोलगांव को 20 डेस्क-बेंच, पीडब्ल्यूडी विभाग के अखिलेश कवड़े द्वारा पीएस कल्याणपुर को 20 सेट डेस्क- बेंच भेंट किये। इसके अलावा एकीकृत शा.मा.शाला बडोरा के छात्र-छात्राओं को श्री गजेन्द्र पवार द्वारा कम्बल व स्कूल बेग वितरित किए गए। प्राथमिक शाला, आश्रम शाला मोरूढाना को जगदीश जीतपूरे, सुभाष धुर्वे, तुलसीराम धुर्वे, अमरलाल मोरोंपे, बापू राव, धनराज उईके के द्वारा 1-1 टेबल बेंच भेंट की गई। जिला प्रशासन ने शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत जिलेवासियों से जनभागीदारी की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि विद्यालयों में डेस्क-बेंच, बिजली, पंखे, प्रकाश व्यवस्था एवं क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सभी सहयोग करें। शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं नागरिक अपने स्तर पर विद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहभागिता निभाएं। सामूहिक प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। सभी अभियान में सक्रिय भागीदारी कर 'शिक्षा संजीवनी'को जन अभियान बनाने का आह्वान किया है।

मुलताई विस में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के ब्लॉक व नगर अध्यक्ष नियुक्त

पांच पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



मुलताई। पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (संगठन) के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे की सहमति से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नितिन गाडरे ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए मुलताई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक, उपब्लॉक एवं नगर अध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं। जारी नियुक्तियों के अनुसार, मुलताई ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में देवराव साहूकर, दुनावा उपब्लॉक अध्यक्ष के रूप में जनपद सदस्य हरेन्द्र उपराले, प्रभात पट्टन ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में दौलत बिहारे, मासोद उपब्लॉक अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट गणेश बामने तथा मुलताई शहर अध्यक्ष के रूप में विक्रांत मनसुरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता एवं सामाजिक कार्यों में सहभागिता को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्तियों का उद्देश्य कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों, सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। इसके साथ ही संगठनात्मक कार्यक्रमों, बैठकों और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस नेता अरुण यादव, सुमित शिवहरे, जगदीश पवार, मिश्रीलाल धाकड़, भूतासिंह मर्सकोले, नीतू उघड़े, तकीउल हसन रिजवी, रवि कसरादे, राजू पंवार, भोजराज रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, उमेश पिंटू ठाकरे, अशोक धाड़से, सुरेश करोले, रमेश शिवहरे, हैबतराव साकरे, सुधाकर पाटनकर, सुरेन्द्र परते, सुखदेव मसराम, हेमंत गुड्डू मानकर, बाबाराव ठाकरे, चंद्रशेखर बेरोदे एवं शिवचरण साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।

सेवा भारती ने दिया सामाजिक समरसता, नारी सम्मान और परोपकार का संदेश

नौ देवियों के स्वरूप में पूजी गईं 501 कन्याएं

रामकृष्ण बगिया में आयोजित समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके व सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव रमेन्द्र सिंह रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नवरात्रि के पावन अवसर पर सेवा भारती परिवार बैतूल की ओर से रामकृष्ण बगिया में विशाल कन्या पूजन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 501 कन्याओं को नौ देवियों का स्वरूप मानकर पूजन किया गया। धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता के संदेश से जुड़े इस आयोजन में बैतूल के सांसद एवं केंद्रीय आदिम जाति कल्याण विकास राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव रमेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कन्याओं का पूजन कर उनके चरण स्पर्श किए गए और उपस्थित लोगों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव रमेन्द्र सिंह ने संगठन की विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सेवा भारती सेवा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संगठन की ओर से नारी जागरण, महिला स्वावलंबन और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए भी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से सेवा भारती से जुड़कर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

परोपकार को बताया सबसे बड़ा धर्म

रमेन्द्र सिंह ने परोपकार के महत्व को रेखांकित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई, परहित सरिस धरम नहि भाई। पर पीड़ा सम नहि अधमाई॥ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दूसरों के हित और कल्याण के लिए कार्य करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। सेवा और सहयोग की भावना से ही सामाजिक जीवन को मजबूत बनाया जा सकता है।



नव देवियों के महत्व पर डाला प्रकाश

समारोह में कांतु प्रजापति ने नव देवियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विभिन्न स्वरूपों की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बताई। उन्होंने नवरात्रि में देवी आराधना और कन्या पूजन की परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, पंडित जी ने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के सम्मान और कन्या पूजन की धार्मिक मान्यताओं की जानकारी दी। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया।

सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी की सहभागिता

कार्यक्रम में सेवा भारती के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आनंदधाम तथा मातृछाया संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सेवा भारती परिवार की सभी समितियों के सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आपसी सहयोग से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संस्था की पदाधिकारी पूनम खंडेलवाल ने किया। विशाल कन्या पूजन समारोह के माध्यम से सेवा, संस्कार, परोपकार, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

जनजातीय मोर्चा की जिला परिचय बैठक संपन्न

बैतूल। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला परिचय बैठक जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज के समय में, जब कुछ अराजक राजनीतिक दल देश का माहौल बिगाड़ने में लगे हैं, तब जनजातीय मोर्चा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें पार्टी की 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ हर बूथ तक पहुंचना है। श्री पंवार ने कहा कि 'दिमागी नक्सलवाद' के जरिए समाज में जातिवाद के नाम पर विभाजन पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रवाद और समता के मंत्र को हर घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनजातीय समाज के नायक भगवान बिरसा मुंडा को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे।

खबर संक्षेप

नागरिकों ने की नप द्वारा बढ़ाए गए संपत्ति कर को लेकर एसडीएम से चर्चा

सोहागपुर। सोहागपुर नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर में बढ़ोतरी की गई है। जिसे लेकर चर्चाओं का दौर है कि वृद्धि का प्रतिशत ज्यादा है। इस समस्या को लेकर कुछ नागरिकों ने मंगलवार को एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से अनौपचारिक भेंटकर संशोधन की मांग की है। नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर राठौर को बताया कि सोहागपुर शहर में नगर निकाय द्वारा संपत्ति कर में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। जिससे नागरिकों की जेब पर भार बढ़ गया है एवं गत वर्ष तक संपत्ति कर के रूप में दी जाने वाली राशि अब दोगुने से अधिक हो गई है। जिसकी व्यवस्था जुटा पाना सभी वर्ग के नागरिकों के लिए आसान नहीं है। नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से मांग की है कि दर का पुनः निर्धारण कर बढ़त प्रतिशत को कम कराएं। ताकि नागरिकों को अधिक कर चुकाने की समस्या से छुटकारा मिल सके।

शासन के निर्देश

नागरिकों से चर्चा में एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर ने कहा कि संपत्ति कर का बढ़ाया जाना किसी एक निकाय का कार्य नहीं है। समूचे मध्य प्रदेश में शासकीय आदेशों पर निकाय द्वारा संपत्ति कर की बढ़ोतरी की गई है। जिस पर नागरिकों ने कहा कि बढ़ोतरी पर आपत्ति नहीं है, बल्कि बढ़ोतरी के प्रतिशत पर आपत्ति है। क्योंकि यह अधिक है। संपत्ति कर दोगुने से अधिक कर दिया गया है। एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि संबंध में भी नगर परिषद अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगी।

दो दिवसीय मंगलम गरबा का समापन आज

सोहागपुर। शहर में लगातार तीसरे वर्ष द ड्रीम टीम द्वारा मंगलम गरबा आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन आज होगा। आयोजक टीम सदस्य अमित साहू द्वारा प्रेषित प्रेस विज्ञप्ति अनुसार भव्य आयोजन, पारिवारिक वातावरण के साथ सुरक्षा के साथ आज 16 अक्टूबर को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि मंगलम गरबा महोत्सव नगर के बहु प्रतीक्षित एवं लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी विशेष पहचान बना चुका है।

प्रभु श्री राम बारात के भव्य आयोजन से राममय हुआ सोहागपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ 0000



श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा नगर के गांधी चौक स्थित श्री रामलीला मंच पर प्रति रात्रि श्रीराम प्रसंगों पर लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। जिसमें मंगलवार रात श्रीराम-जानकी विवाह लीला का अद्भुत मंचन किया गया। इसके पूर्व शहर में श्रीराम बारात भव्य रूप से निकाली गई।

श्रीराम नाट्य समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार समाजसेवी मनीष खंडेलवाल, नीलेश खंडेलवाल एवं आशीष खंडेलवाल के निवास पर श्रीराम, श्री लक्ष्मण, श्री भरत एवं श्री शत्रुघ्न के भोजन एवं पूजन उपरांत भव्य बारात निकासी की गई। बारात राजेंद्र वार्ड, बिहारी चौक, पुराना अस्पताल मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मंच, बीएससी दुर्गोत्सव समिति पंडाल के समीप से होते हुए गांधी चौक स्थित जनकपुरी पहुंची। जहां माता सीता के मायके वालों के रूप में जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन, समाजसेवी राकेश पटवा, राजकुमार साहू, राजेश पटवा के सहयोग से पुष्प वर्षा, जलपान एवं इत्रादि से बारातियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद मंच पर प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी के पाणिग्रहण संस्कार की लीला का भाव विभोर कर देने वाला मंचन किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश करने जा रहे नवयुगल श्रीराम एवं माता जानकी के पांव पूजे। विवाह संस्कार पं. अरविंद सहारिया एवं पंडित कैलाश परसाई संपन्न कराया।

ये रहे उपस्थित

श्रीराम-जानकी विवाह दौरान श्रीराम नाट्य समिति संरक्षक चौधरी राजेंद्र सिंह, मंगल सिंह रघुवंशी, महंत हरीकिशन दास महाराज, गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुद्गल, बीके शर्मा, विजय अग्रवाल, कृष्णा पालीवाल, जेपी माहेश्वरी, मोहन छाबड़िया, मुकेश मालवीय, धनराज तिवारी, चौधरी राकेश सिंह, संजय खंडेलवाल, बालपुरी गोस्वामी, एमएल स्वामी, राजेंद्र नामदेव, केदारनाथ चौरसिया, पं. कैलाश परसाई, पं. नीलेश जैन, पं. इंद्रकुमार दीवान, पूर्व नपाध्यक्ष द्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष चंदेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, चुन्नीलाल मुदगल, मनोज अग्रवाल, अरविंद चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, ऋषभ गढ़वाल, पवन चौहान, देवेंद्र कुशवाहा, जीवन दुबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, नीरज शर्मा, प्रदीप भावसार, नीरज चौधरी, यशवंत जवार, ऋषभ दीक्षित, रामबाबू सराठे, नितिन चौरसिया, दीपक साहू, संदीप साहू, विनीत चौरसिया, गोलू चौरसिया, आशीष जैन, संजय दीक्षित, शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, आनंद साहू, भरत तिवारी, विशाल गोलानी, नीलेश शर्मा, राजेश दुबे व अन्य रामभक्त सम्मिलित हुए।

नवागत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों से की परिचयात्मक बैठक

समय की पाबंदी, अनुशासन व अद्यतन जानकारी रखने के लिए दिए निर्देश

नवागत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिला अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की प्राथमिकताओं से अवगत कराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नवागत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिला अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों में समय की पाबंदी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने विभागीय दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है।

बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों अधिकारी

कलेक्टर वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि अधिकारी किसी भी विभागीय बैठक में उपस्थित होने से पूर्व संबंधित विषय की पूरी जानकारी संकलित कर लें। सभी आवश्यक जानकारियों और अद्यतन आंकड़ों के साथ बैठक में उपस्थित हों, ताकि विभागीय कार्यों की प्रभावी समीक्षा की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध अद्यतन जानकारी के आधार पर ही समीक्षा की जाएगी। इस दृष्टि से सभी जिला अधिकारी अपने-अपने विभागीय पोर्टल को नियमित रूप से अपडेट रखें।

तकनीकी प्लेटफॉर्म का उपयोग करें

कलेक्टर वशिष्ठ ने कहा कि अधिकारी शासकीय कार्यों में तकनीकी प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें, लेकिन इन पर पूरी तरह निर्भर न रहें। तकनीकी संसाधनों का उपयोग कार्यों को सुगम बनाने और सहायता प्राप्त करने के लिए किया जाए। अधिकारियों को अपने विवेक, अनुभव और विभागीय जानकारी के आधार पर भी कार्य करना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन समय का विशेष ध्यान रखें तथा अपने विभागीय कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूरा करें। इसके साथ ही अन्य जनहितैषी गतिविधियों में भी सहभागिता करें, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि इससे विभागीय कार्य प्रभावित न हों। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला अध

नवागत कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मीडिया परिचर्चा के दौरान नर्मदापुरम जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास की प्राथमिकताओं, प्रशासनिक कार्यों में सुधार और विभिन्न क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों को आगे बढ़ाने के संबंध में अपनी बात रखी। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि जिले का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। इसके लिए विकास कार्यों को गति देने के साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं, नवाचारों और विकास गतिविधियों को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आवश्यक सुधार किए जाएंगे, ताकि प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। अधिकारी उपस्थित रहे।

किशोरी बालिकाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मिशन शक्ति योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना माखननगर द्वारा साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, माखननगर में किशोरी बालिकाओं के लिए डिजिटल साक्षरता, साइबर अपराध से बचाव एवं आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सुषमा अहिरवार, ब्लॉक खेल समन्वयक द्वारा किशोरी बालिकाओं को मार्शल आर्ट एवं आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता, साइबर अपराधों की पहचान, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं तथा विद्यालय की किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को डिजिटल रूप से जागरूक बनाना, साइबर अपराधों से सुरक्षा के प्रति सचेत करना तथा आत्मरक्षा के कौशल विकसित कर उन्हें सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

मानसिक स्वास्थ्य पर किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता चौबे के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें विशेष वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक श्वेता चौबे, प्रियंका तिवारी तथा सुश्री अस्मिता सोनी उपस्थित रही। सुश्री अस्मिता सोनी ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन की महत्वता को समझाते हुए पढ़ाई के साथ साथ करियर की संभावनाओं के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने समझाया कि किस तरह से अपना लक्ष्य निर्धारण किया जाना चाहिए और उसको प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी चाहिए।

विधायक ठाकुरदास नागवंशी का पौधरोपण कर मनाया जन्मदिवस, दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के लगातार 20 वर्षों से 4 बार के अजेय विधायक ठाकुरदास नागवंशी का 60 वां जन्म दिन पर बनखेड़ी विकास खण्ड एवं पिपरिया विकास खंड में उनके जीवन साथी ममता नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पवन वालिया सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों के द्वारा ब्रक्षारोपड किया गया।आम के पौधे लगाए गए। तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया। झाड़ लगाईं गई। उसके बाद नगरपालिका द्वारा संचालित ब्रदधाश्रम में जाकर सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सभी लोगों को फल वितरित किए गये अनेकानेक केक काटे गए थे। यहां तक कि केक भी नहीं बचे । अनेकानेक जगहों पर लगातार जन्म दिन मनाया गया। सुबह से ही देर रात तक सोशल मीडिया पर बथाई के साथ घर पर भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शुभकामनाएं बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा गोपेश्वर धाम में शिव अभिषेक किया गया।

संपन्न हुई इनामी जस प्रतियोगिता, किया पुरस्कार वितरण



सोहागपुर। श्री रामलला सेवा एवं सांस्कृतिक समिति सोहागपुर द्वारा गत दिनों सोहागपुर के रानी लक्ष्मीबाई मंच पर इनामी जस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में अतिथियों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किए गए। समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम पुरस्कार श्री राम जस मंडल सिटियागोहाना, द्वितीय पुरस्कार जगदंबा जस मंडल बड़ोदिया कला, तृतीय पुरस्कार श्री बालकृष्ण जस मंडल बम्होरी सीहोर, चतुर्थ पुरस्कार खेरी, पांचवां पुरस्कार गोलबम्होरी, छठा पुरुस्कार नयागांव व सातवां पुरुस्कार जहाजपुरा को दिया गया। दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार 27 मंडल आये थे फाइनल राउंड में 13 मंडल को इनाम दी। इस दौरान अतिथि व समिति सदस्यों के रूप में समाजसेवी हर्ष कुमार पालीवाल, अर्जुन सिंग रघुवंशी, रेवकसिंह सिंह पटेल, मधुसुदन सोनी, सरदार पटेल, हरिशंकर रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, नन्हेवीर रघुवंशी, हरी सिंह रघुवंशी, मौजूद रहे।

पंचमी पर कराया गया कन्या भोज

पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के साडियां रोड स्थित जय माता दी समिति सदस्य संजू शर्मा ने बताया कि लगभग पंचमी के पावन पर्व पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और उल्लास से कन्या भोज का आयोजन किया गया। उनके चरणों को झुलाया गया है उसके बाद भोजन कराया गया। तिलक लगाकर पुनः दान पुण्य किया गया। मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित कि ग ई है। मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने हेतु लगातार प्रयास अलग-अलग रूपों में प्रतिमाएं स्थापित करने हेतु भक्तों ने अपनी श्रद्धा प्रगट की और सुख समृद्धि कि कामना करते हुए लगातार 26 वर्षों से यह काम चल रहा है। कन्या भोज के समय सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नपा ने चलाया अभियान

गंदगी फैलाने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नवरात्रि पर्व के चलते शहर में जगह-जगह भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां तक कि अब तो पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। मंगलवारा चौराहे पर सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के पीछे गुड नारियल फल बाले दुकान दारों के साथ आसपास नगरपालिका की पक्की दुकान लेकर भी लोग मुख्य मार्ग पर आगे की तरफ अपना सामान दुकान का फैलाकर रख दिया गया है। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की टीम नजर रख रही है। फिर भी लोग सहयोग नहीं कर रहे हैं।सामान फैला कर रखने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रहा है। सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि अनेकानेक जगहों पर समझाइश दी गई है। जुर्माना लगाया गया था। फिर भी कोई दुकानदार मान नहीं रहे हैं। त्योहारों का सीजन है। इसके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा संबंधित सभी दुकानदारों से अपील भी की गई थी। लेकिन दुकानदार मान नहीं रहे हैं। इसलिए यातायात का दबाव अधिक होने के कारण नगरपालिका परिषद के स्थाई कर्मी अस्थाई रूप से काम करने वाले रेगुलर कर्मचारी वर्ग सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार माखन नगर, जिला नर्मदापुरम

क्र/1419/ ना. तह. / 2026
माखननगर दिनांक 14/10/2026

विषयांतर्गत लेख है कि न्यायालय नायब तहसीलदार का रा०प्र०क्र० 0314/अ-6/2026-27 के द्वारा आवेदक मोहनसिंह राजपूत आ० राजू राजपूत निवासी बीकोर तहसील माखननगर जिला नर्मदापुरम बनाम सुशीलाबाई पत्नि रामसिंह निवासी आरी तहसील माखननगर जिला नर्मदापुरम विचारधीन है। आवेदक द्वारा इस न्यायालय मे व्यवहार न्यायालय के डिक्री के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि माननीय व्यवहार न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 15.04.2025 एवं पारित डिकी के आधार पर ग्राम बीकोर मे स्थित भूमि ख0न0 50/2 रकबा 1.647 हे0, ख0न0 4/3 रकबा 0.809 हे०, ख0न0 48 रकबा 1.121 हे0 कुल रकबा 3.577 हे0 पर मृतक भूमिस्वामी फुल्लाबाई उर्फ फूलाबाई एवं स्व. राजू राजपूत दोनो के शामिल नाम की उक्त भूमि पर आवेदक के पक्ष मे नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में सर्वसाधारण को सूचना का प्रकाशन कराया जाने हेतु उद्घोषणा का प्रारूप संलग्न कर आपकी ओर भेजा जा रहा है। अतः उपरोक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति इस न्यायालय से पेशी दिनांक 23.10.2026 तक अपनी लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद के प्राप्त दावा आपत्तियो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
माखन नगर

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला–नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt-Narmadapuram

पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया
फोन नं. 07576–222041
पिन–461775
EMail- cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा. / राजस्व / 2026 / 877 — पिपरिया दिनांक:–14.10.2026

द्वितीय ई– निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के विनोवा वार्ड स्थित पुराने कार्यालय भवन (पचमढ़ी बस स्टैंड) की भूमि पर निर्माणाधीन प्रथम एवं द्वितीय फेस की दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्यों का विवरण	आरक्षण वर्ग	प्रा.राशि	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क
1	2026_UAD_542967_1	ब्लाक A में दुकान नंबर 2	अनारक्षित	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
2	2026_UAD_542967_2	ब्लाक A में दुकान नंबर 5	महिला	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
3	2026_UAD_542967_3	ब्लाक A में दुकान नंबर 7	अनारक्षित	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
4	2026_UAD_542967_4	ब्लाक A में दुकान नंबर 12	अनारक्षित	06.92 Lakh	7000 /-	2000/- + GST
5	2026_UAD_542967_5	ब्लाक A में दुकान नंबर 13	अनारक्षित	06.92 Lakh	7000 /-	2000/- + GST
6	2026_UAD_542967_6	ब्लाक A में दुकान नंबर 14	अनारक्षित	06.92 Lakh	7000 /-	2000/- + GST
7	2026_UAD_542967_7	ब्लाक B में दुकान नंबर 15	अनारक्षित	06.92 Lakh	7000 /-	2000/- + GST
8	2026_UAD_542967_8	ब्लाक B में दुकान नंबर 16	विकलांग	06.92 Lakh	7000 /-	2000/- + GST
9	2026_UAD_542967_9	ब्लाक B में दुकान नंबर 17	अन्य पिछडा वर्ग	10.50 Lakh	7900 /-	2000/- + GST
10	2026_UAD_542967_10	ब्लाक B में दुकान नंबर 18	अन्य पिछडा वर्ग	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
11	2026_UAD_542967_11	ब्लाक B में दुकान नंबर 19	अनारक्षित	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
12	2026_UAD_542967_12	ब्लाक B में दुकान नंबर 23	अनुसूचित जाति	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
13	2026_UAD_542967_13	ब्लाक B में दुकान नंबर 24	अनुसूचित जाति	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
14	2026_UAD_542967_14	ब्लाक B में दुकान नंबर 25	अनुसूचित जाति	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
15	2026_UAD_542967_15	ब्लाक B में दुकान नंबर 26	अनुसूचित जाति	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
16	2026_UAD_542967_16	ब्लाक B में दुकान नंबर 27	अनुसूचित जाति महिला	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
17	2026_UAD_542967_17	ब्लाक B में दुकान नंबर 28	अनुसूचित जनजाति	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
18	2026_UAD_542967_18	ब्लाक B में दुकान नंबर 29	अनारक्षित	04.40 Lakh	4400 /-	2000/- + GST
19	2026_UAD_542962_1	पुराने कार्यालय भवन की भूमि में स्थित फेस 01 दुकान नंबर 24 (सातवां कॉल)	अनारक्षित	11.08 Lakh	8500 /-	2000/- + GST
20	2026_UAD_542962_2	पुराने कार्यालय भवन की भूमि में स्थित फेस 01 दुकान नंबर 34 (सातवां कॉल)	अनारक्षित	11.18 Lakh	8500 /-	2000/- + GST

समय तालिका

क्र.	विवरण	दिनांक
1	टेंडर फार्म लेने की तिथि	15.10.2026 10:30 AM
2	टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि	30.10.2026 17:30 PM
3	प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि	02.11.2026 10:30 AM
4	निविदा दर खोले जाने की तिथि	Will be provided later

नोट:– 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सतीष मालवीय
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

रबी सिंचाई हेतु जल उपलब्धता, नहरों के संधारण पर की चर्चा

नहरों से 1,04,843 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा सोनम बाजपेयी, उप संचालक कृषि प्रकाश ठाकुर, उप महाप्रबंधक मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कमल कांत सिंह, पुलिस विभाग से एसडीओपी शालिनी परस्ते, सिंचाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। बैठक में आगामी रबी सिंचाई हेतु जल उपलब्धता, नहरों के सुचारु संचालन, साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्यों तथा कृषकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान में तवा बांध का जलभराव स्तर 1162 एमसीएम अर्थात 87.65 प्रतिशत है। इस वर्ष हरदा जिले में नहरों के माध्यम से 1,04,843 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान कृषकों द्वारा 22 अक्टूबर 2026 से हरदा जिले के बिंदु क्रमांक 3008 पर सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। कृषकों ने यह भी सुझाव दिया कि नहरों में पानी छोड़े जाने से पूर्व नहरों की समुचित साफ-सफाई, गाद निकासी एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाएं, ताकि जल प्रवाह सुचारु बना रहे तथा कृषकों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, कृषकों द्वारा तवा परियोजना की एलबीसी एवं एचबीसी की मुख्य नहरों के प्रमुख बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की मांग रखी गई, जिससे नहर संचालन एवं जल वितरण की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में कृषकों की सिंचाई संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किए जाने का सुझाव भी दिया गया। इस व्यवस्था के माध्यम से कृषक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित सूचना दे सकेंगे तथा उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यपालन यंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि सिंचाई सीजन के दौरान प्रतिवर्ष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाता रहा है तथा इस वर्ष भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा, जिससे कृषकों की समस्याओं एवं शिकायतों को प्राप्त कर उनका समयबद्ध निराकरण किया जा सके।

नहरों की साफ-सफाई एवं मरम्मत के संबंध में कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि नहरों की सफाई का कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं तथा नहर संचालन प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। साथ ही, एलबीसी एवं एचबीसी की मुख्य नहरों के प्रमुख बिंदुओं पर सीसी टीवी कैमरे स्थापित किए जाने की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, नहरों के व्यवस्थित संचालन, जल के समुचित वितरण तथा निर्धारित सिंचाई लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया, ताकि कृषकों को रबी फसलों की सिंचाई हेतु समय पर जल उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उर्वरक की समय पर उपलब्धता एवं पर्याप्त उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। बैठक में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

तीन दिन बंद रहेगी नीलामी

हरदा। कृषि उपज मंडी समिति हरदा में 18 से 20 अक्टूबर तक कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 18 अक्टूबर रविवार को साप्ताहिक शासकीय अवकाश, 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी और 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर्व के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे 18 से 20 अक्टूबर तक अपनी कृषि उपज बेचने के लिए मंडी प्रांगण हरदा में न लाएं।

मक्का खरीदी, डीएपी खाद और दिन में 10 घंटे बिजली समेत छह प्रमुख मांगें

समस्याओं से परेशान किसान आक्रोश मोर्चा ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बिजली-खाद की कमी से परेशान किसान आक्रोश मोर्चा ने गुरुवार को हरदा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें मक्का खरीदी, डीएपी खाद और दिन में 10 घंटे बिजली समेत छह प्रमुख मांगें रखी गईं। मोर्चा ने सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया, चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर कृषि और विद्युत कंपनी के कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी।

एसडीएम ने किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए

एसडीएम ने किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। बाजार में मक्का समर्थन मूल्य (2400 रुपए) से काफी कम (1500-1700 रुपये) बिक रही है, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। रबी सीजन के लिए डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं है। मोर्चा ने तत्काल खरीदी केंद्र शुरू करने, पर्याप्त डीएपी उपलब्ध कराने और नहरों की सफाई कर सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग की। ज्ञापन में कृषि कार्य के लिए रात के बजाय दिन में लगातार 10 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई। किसानों का कहना है कि रात में खेतों पर सिंचाई करने के दौरान जंगली जानवरों और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के बावजूद पिछले दो-तीन महीनों से उपभोक्ताओं को दो से तीन गुना तक बढ़े हुए बिजली बिल दिए जा रहे हैं। मोर्चा ने वास्तविक खपत के आधार पर बिल जारी करने और ग्रामीण विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। किसान आक्रोश मोर्चा ने हरदा मंडी को आदर्श मंडी का दर्जा मिलने का हवाला देते हुए प्रशासन से व्यापारियों के साथ चर्चा कर यहां धान और चिया सीड्स की खरीदी शुरू कराने की मांग की। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूसरे जिलों में जाने और अतिरिक्त परिवहन खर्च उठाने से राहत मिलेगी। मोर्चा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाना चाहिए। समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को जिला मुख्यालय तक आने में समय और धन खर्च करना पड़ता है। यदि मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो कृषि एवं विद्युत कंपनी में तालाबंदी की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

छीपानेर और बिरजाखेड़ी में अवैध परिवहन करते मिले वाहन, पुलिस अभिरक्षा में खड़े कराए गए

हरदा में अवैध खनिज रेत परिवहन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की टीम ने टिमरनी तहसील के ग्राम छीपानेर एवं बिरजाखेड़ी में अवैध खनिज रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं।

जिला खनिज अधिकारी प्रगति सोनवाने एवं खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए सोनखेड़ी-छीपानेर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। वाहन चालक सौरभ काछी, निवासी पोखरनी, तहसील खिरकिया से संबंधित इस वाहन को जब्त कर सिटी कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। चालक ने ट्रैक्टर मालिक का नाम अनिल गुर्जर, निवासी ग्राम हीरापुर, तहसील हंडिया बताया।दूरभाष पर प्राप्त शिकायत के आधार पर सहायक खनिज अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनिज विभाग की टीम ने ग्राम छीपानेर, बिरजाखेड़ी, तहसील टिमरनी में एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से खनिज रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा। बिना नंबर के इस वाहन है। नीले रंग इस ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर टिमरनी पुलिस थाने की चौकी में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। खनिज विभाग के अनुसार, दोनों मामलों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

नगर के दशहरा उत्सव में आने के लिए दिया आमंत्रण

केंद्रीय मंत्री से नपअध्यक्ष ने मांगी करोड़ों की सहायता आदिवासी भवन व पेयजल व्यवस्था सुधारने की मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



नगर परिषद खिरकिया की अध्यक्ष इन्द्रजीत महेन्द्रसिंह खनूजा ने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके से बैतूल स्थित उनके कार्यालय में भेट की।

इस दौरान विभिन्न बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। अध्यक्ष ने आदिवासी मांगलिक भवन के निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत कर उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही खिरकिया-छीपाबड़ मुख्य मार्ग के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाने की मांग की गई है। नगर परिषद अध्यक्ष ने इसके लिए सांसद निधि से एक करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। खिरकिया नगर की आबादी लगभग 40 हजार हो गई है। नगर में जलप्रदाय व्यवस्था के लिए जलावर्धन योजना के अंतर्गत लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम भवरली के पास स्थित इंदिरा सागर बांध से पानी लाया जाता है। इसके बाद इंटेकवेल के माध्यम से नगर में जलप्रदाय किया जाता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर परिषद अध्यक्ष ने 75 केवी का जनरेटर खरीदने हेतु आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। जनरेटर की व्यवस्था होने से बिजली कटौती के दौरान भी जलप्रदाय व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिल सकेगी। इस अवसर पर पूर्व सासद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह खनूजा एवं व्यवसाई गुरमीत सिंह (बिल्लू) खनूजा भी उपस्थित थे नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले रावण दहन कार्यक्रम में पधारने के लिए आमंत्रण भी दिया साथ ही ट्रेनों के स्टॉपेज एवं स्टेशन पर अन्य सुविधाओं के संदर्भ में भी मांग की गई।

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर परिचर्चा आयोजित

महिला किसानों को नरवाई प्रबंधन प्राकृतिक खेती का दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर हरदा में कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला किसानों एवं कृषि सखियों को वैज्ञानिक खेती, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक खेती तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों के संबंध में विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ह्यमेरी पॉलिसी मेरे हाथह्न कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को बीमा पॉलिसियों का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री ललित पटेल, परियोजना संचालक (आत्मा) प्रताप सिंह निगवाल, कृषि विज्ञान केंद्र कोलीपुरा की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संध्या मुरे, वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. भारती, डॉ. मुकेश कुमार बकोलिया, डॉ. आर.सी. जाटव, सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल, रामकृष्ण मंडलोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कृषि सखियां एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

वैज्ञानिकों ने किसानों को नरवाई नहीं जलाने तथा फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने से मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों के उपयोग तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ह्यमेरी पॉलिसी मेरे हाथह्न कार्यक्रम के तहत किसानों को बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से फसलों की सुरक्षा के लिए फसल बीमा के महत्व तथा योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिला किसानों, कृषि सखियों एवं कृषकों को नरवाई नहीं जलाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण एवं मृदा संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, रबी फसलों की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करना तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा।

बहुचर्चित कांड में गिरफ्तार, चाकू जब्त

कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा युवक को न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



शहर के बहुचर्चित चाकू कांड में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू भी जब्त किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 671/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल भारती ने आरोपी की तलाश और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की थी। पुलिस टीम ने दबिश देकर सुमित पिता मानसिंह ठाकुर (23), निवासी टंकी मोहल्ला, हरदा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू जब्त कर आगे की कार्रवाई की। कार्रवाई में थाना प्रभारी रोशन लाल भारती, उपनिरीक्षक मानवेंद्र सिंह भदौरिया, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक तुषार धनकर, आरक्षक प्रदीप मालवीय और साइबर सेल के कमलेश परिहार की भूमिका रही।

एसडीओ राजस्व ने ली बैठक, अधिग्रहित वन भूमि के किसानों को मुआवजा शीघ्र मिलेगा

चित्तौड़गढ़ भुसावल मार्ग निर्माण, समस्याएं दूर करने के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

चित्तौड़गढ़ भुसावल राष्ट्रीय मार्ग की अधिग्रहित वन भूमि के किसानों को मुआवजा नहीं मिलने और मार्ग निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने की दिशा में एसडीओ (राजस्व) भीकनगांव लोकेश छापरे ने प्रशंसनीय पहल की है। जिससे किसानों की समस्याएं हल होगी और मार्ग निर्माण में आ रही समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। इस मामले में एसडीओ छापरे ने बुधवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय चिरिया में आयोजित एक संयुक्त बैठक में आवश्यक निर्देश दिए हैं। ताकि सभी समस्याओं का समयावधि में निराकरण होकर मार्ग निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके। कलेक्टर गुरु प्रसाद ने इस मामले में आवश्यक निर्देश दिए थे। उल्लेखनीय है कि वन क्षेत्र चिरिया के बायपास और तितरान्या के सबरेंज गाड़गियाआम सहित अन्य किसानों की अधिग्रहित वनभूमि का सर्वेक्षण कर,अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जावेगी। बैठक चार घंटे (प्रातः10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक वन परिक्षेत्र कार्यालय में संपन्न हुई।

60 किसानों को नहीं मिला मुआवजा

चिरिया रेंजर जीडी चौरसिया,डिप्टी रेंजर प्रेमलाल वास्कले,बीट प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने जानकारी दी कि चिरिया बायपास में टंकी फाल्या से लेकर मस्जिद कार्नर तक 42 किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। इसी तरह तितरान्या के रेंजर हरेसिंह सिसौदिया,डिप्टी रेंजर गणेश चौहान,वीरेंद्रसिंह गोहिया (गाड़गियाआम) और बीट प्रभारी प्रशांत वाणी एवं अरशद खान ने भी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घाट से लेकर शेरी नाका के मध्य कई किसान मुआवजे की मांग कर रहें हैं।

पट्टे भी बनेंगे और मुआवजा भी मिलेगा

प्रभावित आदिवासी समुदाय भूमि अधिकार पत्र (पट्टे) देने और अन्य वर्गों के पात्र किसानों के पट्टों के नवीनीकरण की प्रक्रिया वन विभाग,जनपद पंचायत,एसडीओ (वन) भीकनगांव में पूर्ण की जाकर डीएफओ और कलेक्टर स्तर पर निराकृत की जा सके। बैठक में हाइवे के एसडीओ अविनाश सोनी,वन प्रतिनिधि योगेश मालवीय, एजेंसी एमएस खुराना.इअनीनीयरिंग लिमिटेड अहमदाबाद के परियोजना प्रबंधक जावेद राजा,एचबी दास,नागेन्द्र ने बताया कि मुआवजे की समस्या के कारण बायपास और अन्य मार्ग निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है। जनपद पंचायत की ओर से सहायक यंत्री मुन्नी चौहान और उप यंत्री उमन मंडलोई एवं दिलीप पिंडारे को निर्देशित किया कि प्रक्रिया पूर्ण कर वरिष्ठ कार्यालय को शीघ्र भेजें। बैठक में एसडीओ वन भीकनगांव रीतेश उइके ने कहा कि वे शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करेंगे,ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके।

अधिकारियों पर जुर्माना

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करने पर जिले के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया है। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी आवेदनों का निराकरण नहीं किया गया था। द्वितीय अपीलीय अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाडलिया के पदाभिहित अधिकारी बदामी लाल माझी द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत सीलकंठ के राधेश्याम पंवार द्वारा मृत्यु का प्रमाण पत्र तथा ग्राम पंचायत झाली के सुआलाल बारेला द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में प्रदान नहीं किया गया। कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 250-250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ग्राम पंचायतों के सचिव, विभागीय पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिरोपित जुर्माने की राशि नियमानुसार संबंधित मद में जमा कराकर उसकी दो प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

हरिभूमि की खबर का असर : गणेश उत्सव के अवशेषों से पटे कुंड की की सफाई

अलर्ट हुआ नपा अमला, जेसीबी से साफ किया विसर्जन कुंड, अब स्वच्छ पानी में विसर्जित होंगी देवी प्रतिमाएं

सीहोर। धार्मिक आस्था और शहर की स्वच्छता को लेकर हरिभूमि की खबर का एक बार फिर असर देखने को मिला है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण गणेश उत्सव के अवशेषों से पटे पड़े विसर्जन कुंड को लेकर हरिभूमि ने 14 अक्टूबर के अंक में 'गणेश उत्सव के अवशेषों से पटा पड़ा विसर्जन कुंड, गंदगी में कैसे होगी मां दुर्गा की विदाई' शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के ठीक उसी दिन यानी 14 अक्टूबर को नगर पालिका अमला पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया।



नपा की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर विसर्जन कुंड की सफाई का मोर्चा संभाला और जेसीबी की मदद से कुंड में पड़े गणेश प्रतिमाओं के अवशेषों, टूटे टुकड़ों और मलबे को बाहर निकाला।

यह थी स्थिति : बता दें जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के समीप नगर



पालिका द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड की हालत इन दिनों बेहद दयनीय हो गई थी। गणेश उत्सव समाप्त हुए काफी समय बीत चुका था, लेकिन उस दौरान विसर्जित की गई प्रतिमाओं के अवशेष, टूटे हुए टुकड़े, पूजा की सामग्रियां, फूल मालाएं,खाली प्लास्टिक की बोतलें और भारी कचरा कुंड में जस के तस पड़े हुए थे। चिंताजनक सवाल यह था कि शहर में शक्ति की आराधना का पावन पर्व नवरात्रि जारी है, जिसके समापन यानी नवमी और दशहरे पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कुंड में होना था। ऐसे में गंदे और दूषित माहौल में देवी मां की प्रतिमाओं की विदाई को लेकर नागरिकों और धर्मप्रेमियों में चिंता थी। कुंड का पानी सड़ रहा था और उसमें अवशेष तैर रहे थे। इसके अलावा पर्यावरण और स्वच्छता के लिए समर्पित सीवन पुत्र टीम द्वारा रखा गया विसर्जन पात्र भी कचरे से लबालब भरा हुआ था।

डेढ़ महीने में 35 पटाखा बुलेट पर कार्रवाई, 1.75 लाख जुर्माना वसूला

सीहोर। शहर में शहर में पटाखों जैसी तेज और कर्कश आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 6 बुलेट चालकों पर 30 हजार रुपए का चालानी जुर्माना लगाया गया। साथ ही वाहनों से मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाए गए। पिछले डेढ़ महीने में पुलिस ऐसी 35 बुलेट पर कार्रवाई कर 1 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूल चुकी है। पुलिस के अनुसार, बुलेट में अवैध रूप से मॉडिफाइड सायलेंसर लगाकर तेज आवाज निकालने की शिकायतें मिल रही थीं। इससे आम लोगों के साथ बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी होती है। शिकायतों के बाद कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। पहले 25 बुलेट पर हो चुकी कार्रवाईः कोतवाली पुलिस इससे पहले करीब 25 बुलेट पर कार्रवाई कर वाहन चालकों से 1 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूल चुकी थी। अब 6 बुलेट पर कार्रवाई के बाद डेढ़ महीने में कुल संख्या 35 तक पहुंच गई है। पुलिस ने सायलेंसर हटवाने के साथ वाहन चालकों को दोबारा ऐसा बदलाव नहीं कराने की हिदायत दी है। थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने कहा कि शहर की शांति भंग करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।